



# महर्षि स्कूल में आयोजित हुआ यातायात जागरुकता प्रशिक्षण

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 28 जनवरी। पुलिस मुख्यालय पी.टी.आर.आई. भोपाल के आदेशानुसार प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा - जीवन रक्षा थीम पर दिनांक 01 जनवरी से 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं एवं उनमें होने वाली मृत्यु दर में कमी लाना है।**

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा महर्षि हायर सेकेंडरी स्कूल, पन्ना में आयोजित यातायात जागरुकता कार्यक्रम मे छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकगणों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान तेज गति से वाहन चलाना, नशे की हालत में वाहन चलाना, ब्रेकिंग डिस्टेंस न रखना, गलत तरीके से ओवरटेक करना, बिना हेलमेट एवं बिना सीट बेल्ट वाहन चलाना, मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाना, ओवरलोडिंग को सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण बताया गया। इनसे बचाव हेतु यातायात नियमों का पालन करने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने तथा हेलमेट एवं सीट बेल्ट जैसे सुरक्षा उपकरणों के अनिवार्य उपयोग के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही आमजन को इमरजेंसी केयर के विषय में जागरूक किया गया तथा केन्द्र सरकार द्वारा संचालित राहवीर योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि इस योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को गोल्डन आवर में नजदीकी अस्पताल अथवा ट्रॉमा सेंटर पहुंचाने वाले व्यक्ति को सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा 25,000 रूपये की नगद राशि एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया जाता है। इसके अतिरिक्त ऐसे 10 राहवीरों का राष्ट्रीय स्तर पर चयन किया जाएगा, जिन्हें 1,00,000 रूपये की नगद राशि प्रदान की जाएगी। उक्त जागरूकता कार्यक्रम में यातायात थाना प्रभारी रक्षित निरीक्षक नीलम लक्ष्यकार एवं थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रोहित मिश्रा उपस्थित रहे।



# इंडिया स्किल्स 2025-26 प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

**पन्ना, 28 जनवरी। यदुपति सिंघानिया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, पन्ना द्वारा दिनांक '27 जनवरी को 'इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता 2025-26' के अंतर्गत 'राज्य स्तरीय कौशल प्रतियोगिता' का सफल आयोजन किया गया।**

यह प्रतियोगिता कुल 'तीन जॉब रोल' में आयोजित की गई, जिनमें 'ब्रिकलेइंग, 'वॉल एंड फ्लोर टाइलिंग, 'रिन्यूएबल एनर्जी शामिल थे। प्रतियोगिता में 'ब्रिकलेइंग ट्रेड में कुल 16 प्रतिभागियों, ''वॉल एंड फ्लोर टाइलिंग में 12 प्रतिभागियों' तथा 'रिन्यूएबल एनर्जी ट्रेड में 27 प्रतिभागियों' ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह कार्यक्रम 'जे.के. सीमेंट वर्क्स के 'यूनिट हेड कपिल अग्रवाल, ''कमर्शियल हेड आलोक गौतम' एवं 'माइनिंग हेड सुरेश वांद्रे' के 'मुख्य आतिथ्य' में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में 'शासकीय आईटीआई पन्ना' से आए जूरी सदस्यों के साथ-साथ 'कानपुर' एवं 'जे.के. सीमेंट प्लांट' के विषय विशेषज्ञ भी उपस्थित रहे, जिन्होंने प्रतिभागियों का निष्पक्ष मूल्यांकन कर उन्हें तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर यदुपति सिंघानियां पन्ना के प्राचार्य मनीष कुमार बुनकर एवं समस्त स्टाफसदस्य' भी उपस्थित रहे।



# 30 जनवरी से 13 फरवरी तक स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान होगा आयोजित

नवभारत न्यूज

**पन्ना 28 जनवरी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी पन्ना डॉ. आर. पी. तिवारी ने सीईओ जिला पंचायत पन्ना को पत्र लिखकर जिले की समस्त ग्राम पंचायतों मे 26 जनवरी को आयोजित ग्राम सभा मे अपील एवं संकल्प का वाचन करने का अनुरोध किया था।**

जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में जारी अपील एवं संकल्प का वाचन किया गया। जिसमें संकल्प एवं शपथ ली गई। जिसमें हम सभी जिलावासी जिला एवं जिला प्रशासन विकसित भारत अभियान के उपलक्ष्य में अपने जिले को कुष्ठ रोग से मुक्त बनाने में कोई कमी नहीं छोड़ेंगे। कुष्ठ रोग आसानी से पहचानी जाने एवं ठीक होने वाली बीमारी है। रोगियों हम अपने जिले में उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करते हुए समस्त कुष्ठ को खोजने एवं जल्द से जल्द पूर्ण उपचार प्रदान करने का प्रयास करेंगे।

# सिमरिया में मनाया गया गहोई दिवस, भारी संख्या में समाज के लोग रहे उपस्थित

नवभारत न्यूज

**सिमरिया/पन्ना 28 जनवरी। सिमरिया नगर में गहोई दिवस के अवसर पर तृतीय बार गहोई समाज सिमरिया द्वारा गहोई दिवस मनाया गया।**

कार्यक्रम की शुरुआत स्थानीय जगदीश स्वामी मंदिर से हुई जहां पर गहोइ समाज के आराध्य देव सूर्य देव की पूजा अर्चना के साथ विशाल शोभा यात्रा का आयोजन किया गया शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में समाज के बंधु युवा वृद्ध एवं मातृशक्ति शामिल हुए शोभा यात्रा जगदीश स्वामी मंदिर से बग्गी पर जिसमें गहोई समाज के आराध्य देव सूर्य भगवान ,श्री राम दरबार एवं राधा कृष्ण की सुंदर झांकी के साथ महिला पुरुष और बच्चे नगर भ्रमण करते हुए नये बस स्टैंड परिसर से होते हुए श्री महाकाल मंडपम तक पहुंची कार्य क्रम के मुख्य अतिथि कमलेश सुहाने जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी मैहर,






राघवेंद्र राज मोदी महामंत्री विंध्य क्षेत्रीय गहोई महासभा अमानगंज प्रदीप रेजा पूर्व मंडल अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी मडियादो, गोबिन्दी छिरोल्या अध्यक्ष गहोई समाज अमानगंज, शिवम कुरेले अध्यक्ष गहोई नवयुवक मंडल अमानगंज रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता लक्ष्मी सोनी ने की सभी अतिथियो एवम आगंतुक स्वजातीय बंधुओ का जोरदार स्वागत दीपक नौगरैयां अध्यक्ष कैलाश दमेले साहित समस्त गहोई वैश्य समाज के समिति के पदाधिकारियों का स्थानीय स्वजतीय बंधुओ एवं महिला मंडल द्वारा आत्मीय स्वागत वंदन किया। कार्यक्रम मे नगर के वरिष्ठ जनों का एवं आगंतुक अतिथियों का सम्मान समिति द्वारा किया गया आयोजित इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राघवेंद्र राज मोदी,प्रदीप रेजा, गोविंद छिरौल्या अध्यक्ष ,प्रभु दयाल नीखर जी पूर्व अध्यक्ष गहोई वैश्य समाज अमानगंज, नीरज बड़ेरिया, आकाश बहरे, महेंद्र सेठिया, धीरेंद्र ददरया ,ने अपने उद्बोधन में समाज समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने एवं समाज को संगठित रहने पर बल दिया।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक

नवभारत न्यूज

**पन्ना 28 जनवरी। खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा कलेक्टर कार्यालय के सभागार में विगत दिवस जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेश कुमार राय द्वारा गत एक वर्ष में नमूना संग्रहण व जांच कार्यवाही सहित विभागीय स्तर पर क्रियान्वित गतिविधियों एवं कार्रवाई की जानकारी दी गई।**



इसके अलावा बैठक में खाद्य कारोबारकर्ताओं द्वारा 12 लाख रूपए से अधिक के वार्षिक टर्नओवर पर लाइसेंस प्राप्त करने तथा निर्धारित राशि से कम के टर्नओवर पर अनिवार्य रूप से रजिस्ट्रेशन व्यवस्था की जानकारी भी दी गई। बताया गया कि शासन की नवीन गाइडलाइन अनुसार शासकीय उचित मूल्य दुकान एवं आबकारी ठेकेदारों को भी पंजीयन एवं लायसेंस प्राप्त करना अनिवार्य है। इस संबंध में कलेक्टर ऊषा परमार द्वारा अधिकाधिक पंजीयन सुनिश्चित कराने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में क्लीन स्ट्रीट फूड हब एवं चौपाटी व ईट राइट कैम्पस की स्थापना के संबंध में भी चर्चा हुई। कलेक्टर ने सघन निरीक्षण व जांच के माध्यम से पर्याप्त सैम्पलिंग तथा समय-समय पर अभियान संचालित कर खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण के निर्देश दिए।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति की हुई बैठक

नवभारत न्यूज

**पन्ना 28 जनवरी। कलेक्टर ऊषा परमार की अध्यक्षता में गत मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया।**

इस मौके पर दुर्घटनाओं पर रोकथाम सहित विभिन्न स्थानों पर सड़क मरम्मत एवं नागरिकों की जीवन रक्षा के लिए विभिन्न उपाय और अनिवार्य रूप से हेल्मेट एवं सीट बेल्ट के उपयोग के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन पर चर्चा हुई। सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में एनएच 39 मड़ला घाटी में बार-बार लगने वाले जाम की स्थिति से बचाव के दृष्टिगत स्थाई रूप से इस समस्या के निराकरण के निर्देश दिए गए। स्मृति वन बेरियल के निकट ब्लिंकर एवं ओवरटेक प्रतिबंध का संकेतक बोर्ड लगवाने सहित शहर में चार ऑटो स्टैंड की स्थापना और चिन्हित 6 ब्लैक स्पॉट पर भी वांछित कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया। सड़कों पर निर्धारित स्थल पर गड्ढे भरवाने तथा बायपास रोड स्थित सांदीपनि विद्यालय के पास रम्बल स्ट्रिप की स्थापना के निर्देश भी दिए गए।



# आजीविका मिशन की झांकी को प्राप्त हुआ प्रथम स्थान

नवभारत न्यूज

**पन्ना 28 जनवरी। गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा अलग-अलग थीम पर आधारित आकर्षक झांकियों का प्रदर्शन भी किया गया।**

इस अवसर पर जिला परियोजना प्रबंधक प्रमोद शुक्ला के मार्गदर्शन मे बनाई गई राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की झांकी को प्रथम, स्थान प्राप्त हुआ है। वहीं जिला पंचायत की झांकी को द्वितीय और महिला एवं बाल विकास विभाग की झांकी को तीसरा स्थान मिला। गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा उत्कृष्ट कार्य तथा शासकीय दायित्वों के बेहतर निर्वहन के लिए अधिकारी-कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में खजुराहो सांसद तथा पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक पन्ना बृजेन्द्र प्रताप सिंह सहित जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे एवं अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर ऊषा परमार, पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू व अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण, गणमान्य नागरिक और पत्रकारगण भी उपस्थित थे।






## नगर परिषद ने विकास के लिए नागरिकों से मांगे सुझाव

**अजयगढ़/पन्ना 28 जनवरी।** नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा नगर के विकास के बारे में आवश्यक सुझाव मांगे गये थे। नगरवासियों ने सुझाव दिया कि माधवगंज से जयस्तमभ चौक तक डिवाइडर रोड का निर्माण करवाया जाए तब उन्होंने बताया कि नगर मांग का डीपीआर भी शीघ्र तैयार करवा कर अजयगढ़ में डिवाइडर रोड भी जल्दी बनाई जाएंगी और नगर को सुंदर स्वच्छ बनाने में आम नागरिकों का सहयोग आवश्यक है।



## प्रधान जिला न्यायाधीश ने जिला जेल का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**पन्ना 28 जनवरी। उच्च न्यायालय एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शरत चन्द्र सक्सेना द्वारा बुधवार को जिला जेल पन्ना का औचक निरीक्षण किया गया।**

इस मौके पर उन्होंने जेल किचिन में भोजन व्यवस्था, खाने और बंदियों के लिए उपयोग में लाए जा रहे अनाज की गुणवत्ता देखी। साथ ही पुरूष एवं महिला बैरक, जेल अस्पताल, व्हीसी कक्ष, कियोस्क एवं मुलाकात कक्ष व उद्यमिता कक्ष इत्यादि का भी पृथक-पृथक निरीक्षण कर स्वच्छता और हाईजीन के संबंध में सूक्ष्म जानकारी भी ली। प्रधान जिला न्यायाधीश श्री सक्सेना द्वारा निरीक्षण के दौरान पाकशाला में रोटियां रखने के लिए फाइबर पात्र व टोकरी की व्यवस्था के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के उपरांत सभी बंदियों से मुक्त चर्चा कर उनकी समस्याओं व प्रकरणों के बारे में जानकारी ली गई तथा समस्याओं के निराकरण के लिए जेल अधीक्षक जी.के. सिंह को निर्देशित किया गया।

## डीएम ने बोर्ड परीक्षा के दृष्टिगत जारी किया प्रतिबंधात्मक आदेश

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट ऊषा परमार ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत पन्ना जिले में माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं को शांतिपूर्ण एवं सुचारू रूप से संपादित कराने के लिए तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधात्मक आदेश पारित किया है। जिला शिक्षा अधिकारी के प्रतिवेदन पर जिले के 48 परीक्षा केन्द्रों पर कानून व्यवस्था बनाए रखने और परीक्षा निर्विघ्न संपन्न कराने के लिए निषेधाज्ञा आदेश जारी किया गया है, जिसके तहत आगामी 10 फरवरी से 10 मार्च तक समस्त परीक्षा केन्द्रों पर 200 मीटर की परिधि में अधिकृत व्यक्ति ही प्रवेश कर सकेंगे।



# एसडीएम-तहसीलदार पहुंचे छात्रावास छात्राओं से हुए रूबरू और किया सहभोज

नवभारत न्यूज

**अजयगढ़/पन्ना 28 जनवरी। अजयगढ़ के कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में अधिकारी पहुंचे और छात्राओं से रूबरू हुए छात्रावास के सभी छात्राओं के साथ एसडीएम आलोक मार्को, तहसीलदार सुरेंद्र कुमार बीईओ भगवान दास रजक, थाना प्रभारी बखत सिंह सहित अधिकारियों ने बैठकर छात्राओं से चर्चा की सबसे पहले उन्होंने छात्रावास में शासन द्वारा मिल रही सुविधाओं जैसे मीनू अनुसार भोजन छात्रावास की साफसफाई एवं पेयजल शासन द्वारा मिल रही छात्राओं को अन्य सुविधाओं की जानकारी ली।**

जब एसडीएम आलोक मार्को तहसीलदार सुरेंद्र कुमार ने छात्राओं के भविष्य के बारे में जानना चाहा। तब छात्राओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये कोई छात्रा आईपीएस बनना चाहती है कोई आईएएस बनना चाहती है कुछ छात्राओं ने कहा कि आप जैसे एसडीएम तहसीलदार प्रशासनिक सेवा में सेवाएं देना चाहते हैं इसके लिए कैसे तैयारी की जाती है क्योंकि आप लोगों ने इसकी तैयारी करके परीक्षा पास की है कुछ छात्राएं पुलिस अफसर बनना चाहती है डॉक्टर कुछ इंजीनियर।

अधिकारियों ने छात्रों को बताया कि आप लगन मेहनत लक्ष्य के साथ शिक्षा ग्रहण करें जो आप कह रहे हैं कि बनना है उस लक्ष्य को धारण कर मेहनत करें तो आप अपने मकसद में कामयाब हो सकती हैं। अधिकारियों ने छात्रावास में छात्राओं के साथ बैठकर भोजन किया। उपस्थित सभी अधिकारियों ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## कलेक्टर ने की पेयजल व्यवस्था की समीक्षा

**पन्ना 28 जनवरी।** कलेक्टर ऊषा परमार ने बुधवार को कलेक्टर कक्ष में पेयजल व्यवस्था की समीक्षा कर अधिकारियों को समय सीमा में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समस्त विकासखण्ड के स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्र एवं छात्रावासों में पेयजल उपलब्धता की जानकारी लेकर निरंतर सुधारात्मक प्रयास के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही सर्वे के माध्यम से शासकीय संस्थाओं में मोटर सुधार की वांछित कार्यवाही अविलंब करने के लिए कहा।

# माध्यमिक शिक्षक को उत्कृष्ट कार्य के लिए किया गया सम्मानित

नवभारत न्यूज

**पवई/पन्ना 28 जनवरी। गणतंत्र दिवस के अवसर पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती मोहिनी आनंद मिश्रा, एसडीएम सुश्री समीक्षा जैन एसडीओपी श्रीमती भावना दांगी द्वारा सौरभ जैन माध्यमिक शिक्षक को एफएलएन एवं शैक्षणिक कार्य में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।**



शिक्षक सौरभ जैन द्वारा बीआरसीसी राजेश पटेल एवं बीएसी रघुवीर तिवारी के मार्गदर्शन में लगातार लगन एवं निष्ठा पूर्वक शैक्षणिक गतिविधियों में विकासखण्ड स्तर पर अपना योगदान दे रहे है। उनको सम्मानित किए जाने पर शासकीय माध्यमिक शाला गुड़याना खमरिया के प्रधानाध्यापक नागेंद्र तिवारी, जनपद शिक्षा केंद्र पवई सेअकाउंटेंट राम भगत द्विवेदी सहित समस्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई प्रेषित की है।

# पॉलीटेक्निक पवई के विद्यार्थी मल्टीनेशनल कंपनी में करेंगे कार्य

नवभारत न्यूज

**पन्ना 28 जनवरी। शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पवई में विंड वर्ल्ड लिमिटेड के द्वारा प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। जिसमें शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पवई, पन्ना एवं कटनी के मैकेनिकल, इलेक्ट्रानिक्स एंड टेली कम्यूयनिकेशन, इलेक्ट्रिकल के विद्यार्थी शामिल हुये।**

प्लेसमेंट कार्यक्रम की शुरुवात माँ सरस्वती के पूजन से प्रारम्भ हुआ। इसके बाद कंपनी के एचआरए प्रमुख विश्वास महाजन ने कंपनी के बारे में जानकारी देते हुआ बताया कि यह मल्टीनेशनल कंपनी भारत पिछले 30 वर्षों से अधिक समय से लगातार कार्य कर रही है। यह प्लेसमेंट मुख्य रूप से राजस्थान, महाराष्ट्र एवं गुजरात के लिए किया गया है। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुये संस्था प्राचार्य अरविन्द त्रिपाठी ने विद्यार्थियों के स्किल पर ज़ोर देते हुये बताया कि केवल पढ़ाई से आगे बढ्ने के चांस कम होते है, एक बार किसी कंपनी में कार्य करने पर ही विद्यार्थी अपनी दक्षता को बढ़ा सकता है और इसी के आधार पर अपने भविष्य को सुखद बना सकता है। संस्था प्राचार्य द्वारा पूर्व में हुये प्लेसमेंट की जानकारी भी दी। शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना से विशेष रूप से पधारे श्रीमति कमला अग्रवाल, प्राचार्य शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय सतना द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुये कहा कि यह एक सुनहरा अवसर है जब आप किसी कंपनी में जाकर अपनी पढ़ाई के दौरान अर्जित ज्ञान का सही उपयोग कर सकते हैं, उन्होने आगे कहा कि कोई भी कंपनी अच्छा वर्कर चाहती है और कठिन मेहनत एवं अनुशासन से ही अच्छा वर्कर बनकर किसी कंपनी में आगे बढ़ा जा सकता है।



शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पवई के टीपीओ रामपाल कुशवाहा ने बताया कि इस प्लेसमेंट में शामिल होने हेतु पॉलीटेक्निक पवई, पन्ना, सतना एवं कटनी के कुल 82 पात्र विद्यार्थियों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया था। जिसमें से 47 विद्यार्थी लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण हुए उत्तीर्ण विद्यार्थियों में से पॉलीटेक्निक पवई से 14 पन्ना से 03 एवं सतना से 13 विद्यार्थी कुल 30 विद्यार्थी कंपनी के रूल्स अनुसार चयनित हुये हैं। उन्होने आगे बताया कि कंपनी के द्वारा चयनित विद्यार्थियों को उनके मेल के माध्यम से शीघ्र ही जॉइनिंग लेटर भेजे जाएँगे। सभी चयनित विद्यार्थियों को संस्था के आकाश गुप्ता व्याख्याता सिविल, आशीष त्रिपाठी, एन पी वर्मा, मोतीलाल त्रिपाठी, मूलचंद सिंह, प्रतिपाल सिंह, ज्ञानेन्द्र सिंह, सन्नी कचेर, निशि पाण्डेय, डॉ. शशिकान्त पाठक, रमा सोनी, राखी परमार, प्रसुन्न रेले, बसंत बागरी, कार्तिकेय शुक्ला, तथा सृष्टि नागायच, पुष्पेंद्र पटेल, झलक सोनी ने बधाइयाँ दी है।

इस प्लेसमेंट को सफल बनाने में राजेश सेन, देवेंद्र गर्ग, पुनीत द्विवेदी, घनश्याम, लोकनाथ, सुशील, पवन पाठक, राखी खंगार, विकास, नरेंद्र, प्रसन्न, शिवराम, रामेसुरी ने सहयोग दिया है।